पकड़ लो ना हाथ | by Deepali Yadav

तेरी कृपा से है सांवरे खुलते तकदीर के रास्ते
तेरी कृपा जो हो जाये तो उजड़े बागो में फूल खिले
हारे का तू सहारा मैंने सुना हैं श्याम
आई हूँ मैं दर पे तेरे पकड़ लो ना हाथ

तेरे बिन मैं तो कुछ भी नहीं तू मेरा दिन मेरी शाम है
मेरी दुनिया अधूरी सी है तेरे बिन ओ मेरे सांवरे
हारे का तू सहारा मैंने सुना है श्याम
आई हूँ मैं दर पे तेरे पकड़ लो ना हाथ

हर जनम बाबा मुझको मिले तेरे चरणों की ये चाकरी
जब खड़ा तू मेरे साथ में क्या फिकर मुझको संसार की
हारे का तू सहारा मैंने सुना है श्याम
आई हूँ मैं दर पे तेरे पकड़ लो ना हाथ

संजय अमन लाडले हैं तेरे खुशियों से श्याम झोली भरे
दीप कहती सभी भक्तों पे श्याम बाबा की नज़रें पड़े
हारे का तू सहारा मैंने सुना है श्याम
आई हूँ मैं दर पे तेरे पकड़ लो ना हाथ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-deepali-yadav/